झारखण्ड सरकार
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग।

पत्रांक–5/प्रशि0(प्रशि0)–01/2023– 1426 रॉची, दिनांक– 13/9/23

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतु 8वीं एवं 10वीं कक्षा में प्राप्तांक आधारित अंतिम मेधा –सूचियों के आधार पर आयोजित की जाने वाली ऑनलाईन तृतीय कॉउन्सीलिंग से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में विभिन्न व्यवसायों में अभ्यर्थियों के नामांकन हेतु 8वीं एवं 10वीं कक्षा में प्राप्तांक आधारित अंतिम मेधा–सूची विभाग के वेबसाईट iti.jharkhand.gov.in पर Homepage में दिनांक 14.07.2023 को जारी कर दी गयी है। जिसके आधार पर द्वितीय चरण की कॉउन्सीलिंग एवं नामांकन दिनांक 15.09.2023 को समाप्त हो जाएगी।

2. विभाग द्वारा अंतिम रूप से प्रकाशित मेधा–सूची के आधार पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतु अनुशंसा के लिये आयोजित की जाने वाले ऑनलाईन तृतीय कॉउन्सीलिंग का कार्यक्रम निम्नवत् है :–

Time Schedule for 3rd Round of online Counselling

Sl. No	Activity	Date	
		Date	To
1	Choice filling of Trade (s) and /or ITI (s)	16.09.2023	17.09.2023
2	Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter	18.09.2023	21.09.2023
3	Admission in the concerned ITI	18.09.2023	21.09.2023
4	Spot Round online Admission	22.09.2023	23.09.2023

3. 8वीं एवं 10वीं कक्षा की अंतिम मेधा सूची में शामिल आवेदकों/अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा व्यवसाय/व्यवसायों को अपनी प्राथमिकता के अनुसार विभाग के वेबसाईट पर उपलब्ध "online Counselling for Admission in ITI- 2023" Link में जा कर Login करने के पश्चात् दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि रिक्त सीटों की विवरणी Admission Tab → Vacant Seat Details में जाकर Category Wise Vacant Seat Details देखने के पश्चात् ही ITI एवं Trade का चयन करें।

4. Call for Counselling होने के बाद Candidate के Login पर Yes आने पर एक दिन के अन्दर अभ्यर्थियों को अपने Allotted seats में से एक Trade चयन कर उसी दिन नामांकन लेना अनिवार्य है अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यह वर्त्तमान में चल रहे 2nd round online counselling के दिनांक 14.09.2023 से प्रभावी होगा।

5. Spot Round online Admission में First Come First Serve के आधार पर ऑनलाईन नामांकन लिया जाएगा।

E/J/Kuj/Nama, 23-24 32

6. तृतीय (Third) ऑनलाईन कॉउन्सीलिंग में नामांकन हेतु किसी आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर आरक्षित सीटों का विनियम झारखण्ड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का0 –1434/राँची, दिनांक 15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा / download किया जा सकता है।

उप निदेशक प्रशिक्षण
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण,
झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक :–5/प्रशि0(प्रशि0)–01/2023 1426 राँची, दिनांक 13/9/23

प्रतिलिपि :– निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

2. सचिव के आप्त सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ।

3. माननीय मंत्री के आप्त सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ।

उप निदेशक प्रशिक्षण
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण,
झारखण्ड, राँची।